BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक-04.02.2025**

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना भदोही द्वारा दो व्यक्तियों के खाते से धोखाधड़ी हुई धनराशि 20,300/-रुपये कराया गया वापस

◆स्थानान्तरित धनराशि अपने बैंक खातों में पाकर पीड़ितों द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक कमलेश कुमार निवासी ज्ञानपुर, थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही व आवेदिका शाहाना बानो निवासी गोपीगंज थाना गोपीगंज, जनपद भदोही द्वारा बैंक खातों से फ्राड के सम्बन्ध में साइबर हेल्प लाइन नं0 1930 एवं जनसुनावई के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क कर सम्बन्धित खाता में निकासी पर रोक लगवाते हुए शाखा प्रबन्धक एवं खाता धारक से सम्पर्क स्थापित कर उक्त धनराशि पीड़ितों के बैंक खाते में क्रमशः 10,300/- रुपये व 10,000/- रुपये कुल 20,300/- रुपये धनराशि वापस कराया गया। आवेदकों द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

साइबर क्राइम के शिकार हो जाने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर-1930 व जनपद की साइबर क्राइम सेल/थाना से तत्काल संम्पर्क करें, जिससे समय रहते आपकी सहायता कर फ्राड तरीके से गयी धनराशि को वापस कराया जा सकें।

साइबर क्राइम पुलिस टीम भदोही

1.निरी0 श्री श्याम बहादुर यादव प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही

2.का0 रोहन वर्मा साइबर क्राइम पुलिस थाना।

3.का0 सत्यदेव राजपूत साइबर क्राइम पुलिस थाना ।